गृह मंत्रालय भारत सरकार
(केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल)

नई दिल्ली
दिनांक : 16 सितम्बर 2019

विषय : **के0रि0पु0बल ने मनाया हिंदी दिवस।**

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के मुख्यालय में दिनांक 16 सितम्बर, 2019 को हिंदी दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर बल के महानिदेशक ने बताया कि हमारी राजभाषा नीति स्पष्ट है और हमारा यह सतत् प्रयास रहता है कि बल में अधिक से अधिक शासकीय कार्य राजभाषा हिंदी में किए जाएं। उन्होंने कहा कि हिंदी पूरे देश में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है और इसका कार्यालयी कार्यों में जितना अधिक प्रयोग और उपयोग होगा, उतना ही राजभाषा हिंदी के उत्थान के लिए अच्छा रहेगा। हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए यह आवश्यक है कि शासकीय कामकाज में सरल और बोलचाल की भाषा प्रयोग की जानी चाहिए ताकि उसका भाव और अर्थ सबकी समझ में आ सके। उन्होंने यह भी बताया कि अभी जो कंप्यूटरीकृत प्रणालियां प्रचलित हैं, उनमें भी हिंदी के प्रयोग की समुचित व्यवस्था की गई है।

हिंदी दिवस के अवसर पर उन्होंने सेक्टर राजभाषा रनिंग शील्ड प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पश्चिमी सेक्टर मुख्यालय, मुंबई एवं मणिपुर एवं नागालैंड सेक्टर, इम्फाल को राजभाषा रनिंग शील्ड प्रदान की। इसी क्रम में अनुभाग राजभाषा रनिंग शील्ड प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले महानिदेशालय के प्रशासन-2 एवं निर्माण अनुभाग को राजभाषा रनिंग शील्ड प्रदान की। राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पश्चिमी सेक्टर मुख्यालय के श्री नागराज द्विवेदी, सहायक कमांडेंट (राजभाषा) एवं बल मुख्यालय के राजभाषा अनुभाग में तैनात श्री मुहम्मद इकबाल खान, सहायक कमांडेंट (राजभाषा), निरीक्षक (हिंदी अनुवादक) रमेश कुमार पाण्डेय और निरीक्षक (हिंदी अनुवादक) सच्चिदानन्द सुमन को डीजी डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र एवं सूबेदार मेजर (हिंदी अनुवादक) सत्येन्द्र सिंह तथा निरीक्षक (हिंदी अनुवादक) के. सुन्दरेसन को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया।

हिंदी दिवस/पखवाड़ा के दौरान आयोजित हिंदी कार्यशाला, हिंदी टिप्पण/आलेखन व हिंदी टंकण एवं हिंदी व्यवहार प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए तथा उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि अन्य कार्मिक भी इससे प्रोत्साहित होंगे और अपना अधिक से अधिक काम हिंदी में करने का प्रयास करेंगे, जिससे केरिपुबल में हिंदी भाषा के प्रयोग और उपयोग में बढ़ोत्तरी होगी। इस अवसर पर बल के महानिदेशक ने सीआरपीएफ समाचार "राजभाषा विशेषांक" का विमोचन भी किया।

बल के महानिदेशक ने हिंदी दिवस के अवसर पर सभी प्रतिभागियों तथा राजभाषा की नीति के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए राजभाषा अनुभाग को उनके द्वारा किए गए सराहनीय और अच्छे कार्यों के लिए बधाई दी। उन्होंने आशा जताई कि आने वाले समय में भी बल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपना अधिक से अधिक काम हिंदी में करेंगे। अंत में उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद किया।

Scanned by CamScanner